Live हिन्दुस्तान.com

# नकली व्हाइट सीमेंट कारोबार का भंडाफोड़

हिन्दुस्तान टीम,कौशाम्बी

- Last updated: Thu, 19 Mar 2020 11:43 PM




1 / 2 | कोखराज थाने की पुलिस ने नकली व्हाइट सीमेंट के कारोबार का भंडाफोड़ किया है। अलीगंज में छापा मारकर नकली सीमेंट बनाने वालों को गिरफ्तार किया है। करीब 500 बोरी नकली सीमेंट भी बरामद हुई है। इसके अलावा चूना...

कोखराज थाने की पुलिस ने नकली व्हाइट सीमेंट के कारोबार का भंडाफोड़ किया है। अलीगंज में छापा मारकर नकली सीमेंट बनाने वालों को गिरफ्तार किया है। करीब 500 बोरी नकली सीमेंट भी बरामद हुई है। इसके अलावा चूना व कई कंपनियों की खाली बोरी भी मिली हैं। पुलिस दो लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

कोखराज के अलीगंज में प्रयागराज का एक कारोबारी किराए का मकान लेकर व्हाइट सीमेंट का कारोबार करता था। रात में यहां सीमेंट की खेप आती थी। सीमेंट उतरने के बाद उसकी बोरियों को फाड़कर चूना आदि मिलाकर दो से गुना व्हाइट सीमेंट तैयार की जाती थी। इसके बाद कई नामी कंपनियों की खाली बोरियों में पैक करके उनको बेच दिया जाता था। प्रयागराज में भी नकली सीमेंट की आपूर्ति होती थी।

बुधवार रात को पुलिस ने छापा मारा। इस दौरान पुलिस ने दो लोगों को मौके से पकड़ा। सीमेंट की कई बोरियां खुली मिलीं। खाली बोरियां भी मिली हैं। चूना का भी पर्याप्त स्टाक था। गोदाम में करीब 500 बोरी नकली व्हाइट सीमेंट बरामद हुई है। पुलिस ने नकली सीमेंट, खाली बोरियों के अलावा अन्य सामानों को कब्जे में ले लिया। साथ ही पकड़े गए लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि अभी और कई जानकारियां हासिल हो सकती हैं।

Source: https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/kausambi/story-fake-white-cement-business-busted-3097178.html